प्रश्न पुस्तिका क्रमांक / Question Booklet Serial No. :

# SECONDARY SCHOOL EXAMINATION – 2026
# माध्यमिक स्कूल परीक्षा – 2026

(ANNUAL / वार्षिक )

MODEL QUESTION PAPER

SANSKRIT (SIL)

संस्कृत(SIL)

विषय कोडः
Subject Code : **105**

**प्रश्न पुस्तिका सेट कोड**
**Question Booklet Set Code**

कुल प्रश्न : 100 + 5 = 105
Total Questions : 100 + 5 = 105

कुल मुद्रित पृष्ठ :24
Total Printed Pages : 24

(समय : 3 घंटे 15 मिनट)
[Time : 3 Hours 15 Minutes]

(पूर्णांक : 100)
[Full Marks : 100]

---

**परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :**

1. परीक्षार्थी OMR उत्तर–पत्रक पर अपना प्रश्न–पुस्तिका क्रमांक (10 अंकों का) अवश्य लिखें।
2. परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।
3. दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।
4. प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़ने के लिए परीक्षार्थियों को 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।
5. यह प्रश्न–पुस्तिका दो खण्डों में है – खण्ड–अ एवं खण्ड–ब।
6. खण्ड–अ में 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, जिनमें से किन्हीं 50 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है। 50 से अधिक प्रश्नों के उत्तर देने पर प्रथम 50 उत्तरों का ही मूल्यांकन किया जाएगा। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित है। सही उत्तर को उपलब्ध कराए गए OMR उत्तर–पत्रक में दिए गए सही विकल्प को नीले/ काले बॉल पेन से प्रगाढ़ करें। किसी भी प्रकार के ह्वाइटनर/ तरल पदार्थ/ ब्लेड/नाखून आदि का OMR उत्तर–पुस्तिका में प्रयोग करना मना है, अन्यथा परीक्षा परिणाम अमान्य होगा।
7. खण्ड–ब में 5 विषयनिष्ठ प्रश्न हैं।
8. किसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का प्रयोग पूर्णतया वर्जित है।



Visit CollegeDekho

## खण्ड – अ

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

प्रश्न संख्या 1 से 100 तक के प्रत्येक वस्तुनिष्ठ प्रश्न के साथ चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से कोई एक सही है। इन 100 प्रश्नों में से किन्हीं 50 प्रश्नों के अपने द्वारा चुने गए सही विकल्प को OMR उत्तर–पत्रक पर चिह्नित करें। 50 x 1 = 50

1- 'मङ्गलम्' पाठ में किस उपनिषद् से मन्त्र संकलित है ?

(A) ऐतरेय उपनिषद् (B) तैत्तिरीय उपनिषद्

(C) केनोपनिषद् (D) कठोपनिषद्

2- "यथा नद्यः स्यन्दमानाः" यह पद्यांश किस उपनिषद् का है ?

(A) ईशावस्य–उपनिषद् (B) मुण्डकोपनिषद्

(C) कठोपनिषद् (D) श्वेताश्वतर–उपनिषद्

3- 'मङ्गलम्' पाठ में कैसे मन्त्रों का संकलन है ?

(A) गद्यात्मक (B) वर्णनात्मक

(C) रचनात्मक (D) पद्यात्मक

4- यूनानी यात्री मेगास्थनीज ने पटना के वर्णन में क्या लिखा ?

(A) आत्मकथा (B) संस्मरण

(C) निबंध (D) लेख



Visit CollegeDekho

5- पटना में किसके समय में कौमुदी महोत्सव मनाया जाता था ?

(A) मुगलकाल में

(B) मौर्यकाल में

(C) गुप्तकाल में

(D) आंग्लकाल में

6- गुरू गोविन्द सिंह का जन्म कहाँ हुआ था ?

(A) हरियाणा

(B) अमृतसर

(C) पटना

(D) पंजाब

7- 'दामोदर गुप्त' ने किस काव्य ग्रन्थ की रचना की ?

(A) मुद्राराक्षस

(B) मृच्छकटिक

(C) कुट्टनीमत

(D) काव्य–मीमांसा

8- 'शोभनीयम्' का प्रकृति–प्रत्यय निम्न में कौन–सा है ?

(A) शुभ् + अनीयर्

(B) शुभा + अनीयर्

(C) शुभ + अनीयर्

(D) शुभ् + शानच्

9- 'सौन्दर्यम्' पद में कौन–सा प्रत्यय है ?

(A) यत्

(B) ण्यत्

(C) ष्यञ्

(D) क्यप्

10- किस पद में 'ल्युट्' प्रत्यय है ?

(A) दातुम्

(B) दातव्यम्

(C) दत्तम्

(D) दानम्



Visit CollegeDekho

11- 'पाठः' में कौन–सा प्रत्यय है ?

(A) ण्यत्　　(B) यत्

(C) घञ्　　(D) तल्

12- 'मौलिकः' का प्रकृति–प्रत्यय निम्न में कौन–सा है ?

(A) मूल + अण्　　(B) मूल + ठक्

(C) मूल + घ　　(D) मूल + तल्

13- किस पद में 'क्त्वा' प्रत्यय है ?

(A) जेयम्　　(B) जीवितव्यम्

(C) जित्वा　　(D) जयः

14- 'स्मर्तव्यम्' पद में कौन–सा प्रत्यय है ?

(A) तव्यत्　　(B) तव्य

(C) अनीयर्　　(D) यत्

15- 'दानशील वीरेश्वर' कहाँ का मंत्री था ?

(A) मगध　　(B) अवन्ती

(C) मिथिला　　(D) कान्यकुब्ज

16- 'अलसकथा' पाठ के रचनाकार कौन हैं ?

(A) मण्डन मिश्र　　(B) विद्यापति

(C) वीरेश्वर　　(D) सूरदास



Visit CollegeDekho

17- 'तर्क्यते यदस्मिन् गृहे अग्निर्लग्नोऽस्ति!' किसकी उक्ति है ?

(A) प्रथम आलसी की

(B) तृतीय आलसी की

(C) द्वितीय आलसी की

(D) चतुर्थ आलसी की

18- निरीहों (निर्गतियों) में सर्वाधिक निरीह किसे माना गया है ?

(A) अनाथों को

(B) दुर्गतियों को

(C) आलसियों को

(D) रोगियों को

19- आधुनिक काल की संस्कृत लेखिकाओं में अधिक प्रसिद्ध निम्न में से कौन हैं ?

(A) पण्डितक्षमाराव

(B) वनमाला भवालकर

(C) पुष्पादीक्षित

(D) मिथिलेश कुमारी मिश्र

20- लौकिक संस्कृत साहित्य में लगभग कितनी कवयित्रियों के पद्य मिलते हैं ?

(A) तीस

(B) चार सौ

(C) चालीस

(D) चौबीस

21- लौकिक संस्कृत साहित्य की कवयित्रियों में प्रथम कल्पा कौन थी ?

(A) शीला भट्टारिका

(B) देवकुमारिका

(C) विजयाङ्का

(D) रामभद्राम्बा

22- समाज की गाड़ी कैसे चलती है ?

(A) नारियों से

(B) पुरुषों से

(C) पुरुष और नारियों से

(D) बच्चों से



Visit CollegeDekho

23- 'अपकरोति' पद में कौन–सा उपसर्ग है ?

(A) अ　　(B) अप

(C) अपा　　(D) अनु

24- 'उत्' उपसर्ग किस पद में है ?

(A) उपनयनम्　　(B) उन्नयनम्

(C) उपसर्गः　　(D) उपेत्य

25- 'निर्गतः' में कौन–सी संधि है ?

(A) स्वर　　(B) व्यंजन

(C) विसर्ग　　(D) इनमें से कोई नहीं

26- 'गुण सन्धि' का सूत्र निम्न में कौन–सा है ?

(A) अदेङ्गुणः　　(B) इकोयणचि

(C) वृद्धिरेचि　　(D) अकः सवर्णे दीर्घः

27- व्यंजन संधि का उदाहरण निम्न में कौन–सा है ?

(A) तथैव　　(B) उल्लेखः

(C) नयनम्　　(D) सरोवरः

28- विभिन्न जाति और धर्म के लोग भारत में कैसे रहते हैं ?

(A) वैमनस्य भाव से　　(B) एकत्वभाव से

(C) शत्रुत्व भाव से　　(D) कष्टभाव से



Visit CollegeDekho

29- भारत की शोभा देखकर कौन प्रसन्न हैं ?

(A) दानव | (B) मानव
(C) देवता | (D) दारा

30- भारत किसके द्वारा सेवित है ?

(A) पर्वतों से | (B) सागरों से
(C) नदियों से | (D) इन सभी से

31- ‘चूड़ाकर्म’ किस संस्कार के अन्तर्गत आता है ?

(A) शिक्षा | (B) जन्मपूर्व
(C) शैशव | (D) विवाह

32- भारतीय संस्कृति की अद्वितीय विशेषता क्या है ?

(A) जाति | (B) धर्म
(C) सम्प्रदाय | (D) संस्कार

33- गुरु के घर में शिष्य किसका पालन करते हुए अध्ययन करते हैं ?

(A) रीति नियम का | (B) शिक्षा नियम का
(C) विधि नियम का | (D) संयम नियम का

34- ‘निरीक्षणम्’ पद में कौन–सा उपसर्ग है ?

(A) निर् | (B) निस्
(C) निस | (D) निर

35- 'वि' उपसर्ग किस पद में नहीं है ?

(A) विकासः (B) वेदः

(C) विनयः (D) व्यवहारः

36- 'उच्चारणम्' का संधि–विच्छेद निम्न में कौन–सा है ?

(A) उत + चारणम् (B) उत् + चारणम्

(C) उच्च + चारणम् (D) उच् + आरणम्

37- 'परोपकारः' में किन–किन वर्णों की संधि हुई है ?

(A) अ + उ (B) अ + ओ

(C) आ + औ (D) अ + ऊ

38- 'पुरस्कारः' पद का संधि–विच्छेद निम्न में कौन–सा है ?

(A) पुरस + कारः (B) पुरा + कारः

(C) पुरः + कारः (D) पुर + कारः

39- 'दात्रा' का मूल शब्द क्या है ?

(A) दाता (B) दातृ

(C) दातर् (D) दात्रा

40- 'भानु' शब्द के सप्तमी विभक्ति, एकवचन का रूप निम्न में कौन–सा है ?

(A) भानोः (B) भानौ

(C) भान्वोः (D) भानवे



Visit CollegeDekho

41- 'तैः' पद का मूल रूप क्या होगा ?

(A) एतत् (B) यद्

(C) तद् (D) इयम्

42- 'अपठः' किस लकार का रूप है ?

(A) लृट् लकार (B) लट् लकार

(C) लङ् लकार (D) लोट् लकार

43- 'दृश्' धातु का रूप लृट् लकार, उत्तम पुरुष, एकवचन में क्या होगा ?

(A) द्रक्ष्यामि (B) द्रक्ष्यसि

(C) द्रक्ष्यति (D) द्रक्ष्यन्ति

44- 'भविष्यत् काल' के लिए प्रयोग करते हैं –

(A) लोट् लकार (B) लट् लकार

(C) लङ् लकार (D) लृट् लकार

45- 'नीतिश्लोकाः' पाठ किस ग्रन्थ से संकलित है ?

(A) विदुरनीति से (B) नीतिशतक से

(C) चाणक्य नीतिदर्पण से (D) शुक्रनीति से

46- 'विनय' किसका नाश करता है ?

(A) कीर्ति का (B) आचरण का

(C) अकीर्ति का (D) धर्म का



Visit CollegeDekho

47-अपने और पराये की गणना कौन करता है ?

(A) दुर्जन (B) सज्जन

(C) संकुचित हृदयवाला (D) विशाल हृदयवाला

48-'आतपः' का अर्थ क्या है ?

(A) धूप (B) आग

(C) पृथ्वी (D) शीत

49- राम प्रवेश राम को 'छात्राणाम् अध्ययनं तपः' का उपदेश किसने दिया ?

(A) साथी (B) गुरु

(C) माता (D) पिता

50-'कर्मवीर कथा' से शिक्षा मिलती है –

(A) कर्म करने की (B) अकर्म करने की

(C) आलसी बनने की (D) भाषण देने की

51-किस समास में प्रायः दोनों पदों का अर्थ प्रधान होता है ?

(A) द्विगु (B) द्वन्द्व

(C) तत्पुरुष (D) बहुव्रीहि

52-'नञ्' समास का उदाहरण निम्न में कौन–सा है ?

(A) सुपुत्रः (B) कुपुत्रः

(C) बहुपुत्रः (D) अपुत्रः



Visit CollegeDekho

53- 'यशोधनम्' में कौन–सा समास है ?

(A) द्विगु
(B) बहुव्रीहि
(C) कर्मधारय
(D) अव्ययीभाव

54- 'कृष्णस्य समीपम्' का समस्त पद निम्न में कौन–सा है ?

(A) उपकृष्णम्
(B) सकृष्णम्
(C) अनुकृष्णम्
(D) यथाकृष्णम्

55- कर्ता कारक में कौन–सी विभक्ति प्रयुक्त होती है ?

(A) चतुर्थी
(B) पंचमी
(C) द्वितीया
(D) प्रथमा

56- 'सः सर्पात् बिभेति'। रेखांकित पद में कौन–सी विभक्ति है ?

(A) तृतीया
(B) चतुर्थी
(C) पंचमी
(D) षष्ठी

57- 'अन्तरा' के योग में कौन–सी विभक्ति होती है ?

(A) प्रथमा
(B) द्वितीया
(C) पंचमी
(D) तृतीया

58- 'पिता पुत्रेण सह ग्रामं गच्छति'। वाक्य के 'पुत्रेण' पद में किस सूत्र से तृतीया विभक्ति हुई है ?

(A) सहार्थे तृतीया
(B) अपवर्गे तृतीया
(C) करणे तृतीया
(D) येनाङ्गविकारः



Visit CollegeDekho

59- 'स्वामी दयानन्द' ने 'वेदभाष्य' की रचना किस भाषा में की ?

(A) संस्कृत, गुजराती
(B) संस्कृत, हिन्दी
(C) संस्कृत, अंग्रेजी
(D) संस्कृत, मराठी

60- 'डी०ए०वी०' विद्यालय की स्थापना कब हुई ?

(A) 1880 ई० में
(B) 1883 ई० में
(C) 1983 ई० में
(D) 1875 ई० में

61- 'गाँधी दर्शन' से प्रभावित रचना कौन–सी है ?

(A) शङ्करचरितम्
(B) मधुराविजयम्
(C) सत्याग्रहगीता
(D) वरदाम्बिका परिणय

62- 'विशालाक्षि'! संबोधन किसके लिए प्रयुक्त है ?

(A) राम
(B) सीता
(C) द्रौपदी
(D) कौशल्या

63- 'राम' मन्दाकिनी नदी की शोभा किसको दिखाते हैं ?

(A) भरत को
(B) लक्ष्मण को
(C) उर्मिला को
(D) सीता को

64- 'मन्दाकिनी नदी' किस पर्वत के निकट बहती है ?

(A) विन्ध्य पर्वत के
(B) चित्रकूट पर्वत के
(C) हिमालय पर्वत के
(D) मन्दार पर्वत के



Visit CollegeDekho

65- 'कुम्भं करोति ............ कुम्भकारः'। रिक्त स्थान को उचित अव्यय से भरें –

(A) श्वः
(B) अपि
(C) सह
(D) इति

66- 'कारिका' का प्रकृति–प्रत्यय निम्न में कौन–सा है ?

(A) कारक + चाप्
(B) कारक + डाप्
(C) कारक + टाप्
(D) कारक + घञ्

67- 'नेतुम्' में कौन–सा प्रत्यय है ?

(A) तव्य
(B) ल्युट्
(C) तुमुन्
(D) यत्

68- 'वासुदेवः' पद में कौन–सा तद्धित प्रत्यय है ?

(A) घ
(B) ढक्
(C) अञ्
(D) अण्

69- 'राज्ञी' में कौन–सा स्त्री प्रत्यय प्रयुक्त है ?

(A) ङीप्
(B) ङीष्
(C) ङीन्
(D) ति

70- 'त्व' प्रत्यय से बना पद निम्न में कौन–सा है ?

(A) मानवता
(B) मानवीयम्
(C) पुरुषत्वम्
(D) पौरूषेयम्



Visit CollegeDekho

71- 'निपुण' का स्त्रीलिंग रूप निम्न में कौन–सा है ?

(A) निपुणि (B) निपुणी

(C) निपुणा (D) निपुणति

72- 'भूतिः' पद का प्रकृति–प्रत्यय निम्न में कौन–सा है ?

(A) भू + ति (B) भू + क्तिन्

(C) भू + ङीष् (D) भू + शतृ

73- 'व्याघ्रपथिक कथा' में किसका दुष्परिणाम वर्णित है ?

(A) काम का (B) मोह का

(C) लोभ का (D) क्रोध का

74- 'व्याघ्रपथिक कथा' हितोपदेश के किस खण्ड से संकलित है ?

(A) मित्रभेद से (B) मित्र सम्प्राप्ति से

(C) मित्रलाभ नामक खण्ड से (D) इनमें से कोई नहीं

75- 'शृणु रे पान्थ! प्रागेव यौवनदशायामतिदुर्वृत्त आसम्'। यह किसकी उक्ति है ?

(A) पथिक (B) लेखक

(C) धार्मिक (D) बाघ

76- कर्ण किसके पक्ष से युद्ध करता था ?

(A) पाण्डव के पक्ष से (B) अपने पक्ष से

(C) कौरव के पक्ष से (D) किसी के पक्ष से नहीं



Visit CollegeDekho

77- 'महत्तरां भिक्षां याचे'। यह किसकी उक्ति है ?

(A) कर्ण की

(B) शल्य की

(C) शक्र की

(D) इनमें से कोई नहीं

78- 'कर्णस्य दानवीरता' पाठ के रचनाकार कौन हैं ?

(A) व्यास

(B) भास

(C) भवभूति

(D) कालिदास

79- 'निरीक्षणम्' पद का सन्धि विच्छेद निम्न में कौन–सा है ?

(A) निः + ईक्षणम्

(B) निर + इक्षणम्

(C) निरा + ईक्षणम्

(D) निष् + इक्षणम्

80- 'महर्षिः' पद में कौन–सी संधि है ?

(A) दीर्घ

(B) गुण

(C) यण्

(D) वृद्धि

81- 'ज्ञा' धातु के लट् लकार का रूप निम्न में कौन–सा है ?

(A) जानाति

(B) जानातु

(C) ज्ञास्यति

(D) अज्ञानात्

82- 'देहि' किस लकार का रूप है ?

(A) लट् लकार

(B) लृट् लकार

(C) लोट् लकार

(D) लङ् लकार



Visit CollegeDekho

83- 'परोपकारः' का विग्रह निम्न में कौन–सा है ?

(A) पराय उपकारः (B) परं उपकारः

(C) परे उपकारः (D) परस्य उपकारः

84- 'पाणिपादम्' किस समास का उदाहरण है ?

(A) कर्मधारय (B) द्वन्द्व

(C) द्विगु (D) बहुव्रीहि

85- 'विद्यालयः' का विग्रह निम्न में कौन–सा है ?

(A) विद्यायाः आलयः (B) विद्या आलयः

(C) विद्यालय (D) आलय विद्या

86- अशान्ति के निवारण का उपाय किस पाठ में वर्णित है ?

(A) मङ्गलम् (B) विश्वशान्तिः

(C) शास्त्रकाराः (D) नीतिश्लोकाः

87- वैर को बढ़ाने वाला निम्न में कौन–सा है ?

(A) परमार्थ (B) सद्भाव

(C) स्वार्थ (D) सत्य

88- शास्त्र किसके लिए कर्तव्य और अकर्तव्य का विधान करते हैं ?

(A) मानवों के लिए (B) दानवों के लिए

(C) छात्रों के लिए (D) पशुओं के लिए



Visit CollegeDekho

89- अशान्ति सागर के किनारे कौन दिखते हैं ?

(A) राष्ट्र (B) संसार

(C) विद्यालय (D) विदेश

90- 'पिंगल' किस वेदांगशास्त्र के प्रवर्तक आचार्य हैं ?

(A) कल्प (B) व्याकरण

(C) ज्योतिष (D) छन्द

91- 'कृषि विज्ञान' के प्रवर्तक आचार्य कौन हैं ?

(A) आर्यभट्ट (B) चरक

(C) पराशर (D) वराहमिहिर

92- 'धनेशः' का सन्धि–विच्छेद निम्न में कौन–सा है ?

(A) धन + ईशः (B) ध + नेशः

(C) धन + ऐशः (D) धन + एशः

93- 'एधि' में मूल धातु क्या है ?

(A) अस् (B) स्था

(C) असि (D) स्त

94- समास किये गये पदों को कहते हैं –

(A) पृथक् पद (B) सामासिक पद

(C) विग्रह पद (D) इनमें से कोई नहीं



Visit CollegeDekho

95- क्रिया–विशेषण' में कौन–सी विभक्ति होती है ?

(A) प्रथमा
(B) तृतीया
(C) द्वितीया
(D) चतुर्थी

96- 'स्वस्ति' के योग में किस विभक्ति का प्रयोग होता है ?

(A) तृतीया
(B) चतुर्थी
(C) पंचमी
(D) षष्ठी

97- 'आधारोऽधिकरणम्' सूत्र का उदाहरण है –

(A) सः सर्पात् बिभेति।
(B) सीता रामेण सह गच्छति।
(C) पात्रे वर्तते जलम्।
(D) अहं पुस्तकं पठामि।

98- निम्न में कौन–सा उपसर्ग नहीं है ?

(A) निस्
(B) निर
(C) दुस्
(D) दुर्

99- निवर्त्य में प्रयुक्त प्रत्यय है –

(A) अनीयर्
(B) क्त्वा
(C) ल्यप्
(D) ण्यत्

100- 'साध् + ण्यत्' से कौन–सा पद बनेगा ?

(A) साधः
(B) साध्यः
(C) साधन्
(D) सार्थम्

## खण्ड – ब

## विषयनिष्ठ प्रश्न

### अपठित गद्यांश (13 अंक)

1- अधोलिखित गद्यांशों को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दें :

शिक्षाप्राप्तिः मानवजीवनस्य महती आवश्यकता अस्ति। शिक्षां प्राप्य एव मनुष्यः मनुष्यः जायते। विद्याहीनः नरः पशु एव कथ्यते। पुराकाले या गुरु–शिष्य–परम्परा आसीत् सा इदानीं दुर्लभा अस्ति। अद्यत्वे तु अनेके विद्यालयाः, महाविद्यालयाः, विश्वविद्यालयाः च सन्ति परन्तु तेषु वैदेशिक–शासनकालीना एव शिक्षाप्रणाली प्रचलिता अस्ति। वर्तमान–शिक्षाप्रणाल्यां मातृभाषायाः राष्ट्रभाषायाः च अधिकं ज्ञानं न दीयते। अनेके शिक्षिताः छात्राः निजमातृभाषायां पंक्तिद्वयम् अपि लेखितुं न शक्नुवन्ति। भारतवर्षे शिक्षाप्रणाली तादृशी स्यात् या सर्वेभ्यः हितकारी भवेत्।

I. एकपदेन उत्तरत – 2 × 1 = 2

(क) मानवजीवनस्य महती आवश्यकता का अस्ति ?

(ख) कां प्राप्य एव मनुष्यः मनुष्यः जायते ?

II. पूर्णवाक्येन उत्तरत – 2 × 2 = 4

(क) अद्यत्वे कीदृशी शिक्षाप्रणाली प्रचलिता अस्ति ?

(ख) वर्तमान शिक्षाप्रणाल्यां कस्याः अधिकं ज्ञानं न दीयते ?

III. अस्य गद्यांशस्य एकं समुचितं शीर्षकं लिखत। 1



Visit CollegeDekho

अथवा

कस्मिंश्चित् ग्रामे कदाचन अशीतिवर्षीयः एको वृद्धः मार्गे आम्रवृक्षान् आरोपयति स्म। तं दृष्ट्वा महानगरात् आगच्छन् कश्चन युवा पृष्टवान्–भो महानुभाव! तव अवस्था प्रायशः अशीतिवर्षीया प्रतीयते। एतत् च स्वाभाविकं यदा एते वृक्षाः फलानि दास्यन्ति, तदा त्वं जीवितो न भविष्यसि। अतः किमर्थम् इमं निष्फलं प्रयासं करोषि ? स वृद्धः उक्तवान्–मया साम्प्रतम् इतरैः आरोपितानां वृक्षाणां फलानि खाद्यन्ते। एवं मयापि आरोपितानाम् एतेषां वृक्षाणां फलानि आगामिभविष्यत्काले लोकाः खादेयुः – इत्येतदर्थम् अहम् एतेषाम् आरोपणं करोमि। वस्तुतः मनुष्येण केवलं स्वार्थचिन्तनं न कर्तव्यम्।

I. एकपदेन उत्तरत – 2 × 1 = 2

(क) कश्चन युवा कुतः आगच्छति स्म ?

(ख) मनुष्येण केवलं किं न कर्तव्यम् ?

II. पूर्णवाक्येन उत्तरत – 2 × 2 = 4

(क) वृद्धः किं विचार्य वृक्षाणाम् आरोपणं करोति स्म ?

(ख) युवा तं वृद्धं किम् अपृच्छत् ?

III. अस्य गद्यांशस्य एकं समुचितं शीर्षकं लिखत। 1

(ब) वनस्य दृश्यम्। समीपे एवैका नदी अपि वहति। एकः सिंहः सुखेन विश्राम्यते तदैव एकः वानरः आगत्य तस्य पुच्छं धुनोति। क्रुद्धः सिंहः तं प्रहर्तुमिच्छति परं वानरस्तु कूर्दित्वा वृक्षमारूढः। तदैव अन्यस्मात् वृक्षात् अपरः वानरः सिंहस्य कर्णम् आकृष्य पुनः वृक्षोपरि



Visit CollegeDekho

आरोहति। एवमेव वानराः वारं–वारं सिंहं तुदन्ति। क्रुद्धः सिंहः इतस्ततः धावति, गर्जति परं किमपि कर्तुमसमर्थः एव तिष्ठति। वानराः हसन्ति वृक्षोपरि च विविधाः पक्षिणः अपि सिंहस्य एतादृशीं दशां दृष्ट्वा हर्षमिश्रितं कलरवं कुर्वन्ति। निद्राभङ्गदुःखेन वनराजः सन्नपि तुच्छजीवैः आत्मनः एतादृश्या दुरवस्थया श्रान्तः सर्वजन्तून् दृष्ट्वा पृच्छति।

I. एकपदेन उत्तरत – 2 × 1 = 2

(क) कस्य समीपे एका नदी वहति ?

(ख) कः सिंहस्य पुच्छं धुनोति ?

II. पूर्णवाक्येन उत्तरत – 2 × 2 = 4

(क) क्रुद्धः सिंहः किं करोति ?

(ख) पक्षिणः अपि सिंहस्य दशां दृष्ट्वा किं कुर्वन्ति ?

अथवा

न्यायाधीशेन पुनस्तौ घटनायाः विषये वक्तुमादिष्टौ। आरक्षिणि निजपक्षं प्रस्तुतवति आश्चर्यमघटत् स शवः प्रावारकमपसार्य न्यायाधीशमभिवाद्य निवेदितवान्–मान्यवर! एतेन आरक्षिणा अध्वनि यदुक्तं तद् वर्णयामि, "त्वयाऽहं चोरितायाः मञ्जूषायाः ग्रहणाद् वारितः, अतः निजकृत्यस्य फलं भुङ्क्ष्व। अस्मिन् चौर्याभियोगे त्वं वर्षत्रयस्य कारादण्डं लप्स्यसे" इति।

न्यायाधीशः आरक्षिणे कारादण्डमादिश्य तं जनं ससम्मानं मुक्तवान्।

I. एकपदेन उत्तरत – 2 × 1 = 2

(क) आरक्षिणि किं प्रस्तुतवति आश्चर्यमघटत् ?

(ख) न्यायाधीशः कस्याः विषये वक्तुम् आदिशति ?



Visit CollegeDekho

II. पूर्णवाक्येन उत्तरत – 2 × 2 = 4

(क) कः प्रावारकम् अपसार्य न्यायाधीशं निवेदितवान् ?

(ख) न्यायाधीशः किं निर्णयम् कृतवान् ?

संस्कृते पत्रलेखनम् ( 08 अंक )

2- निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखें : 2 × 4 = 8

i. परीक्षा शुल्क माफ करने के लिए प्रधानाध्यापक को संस्कृत में आवेदन पत्र लिखें।

ii. अपने परिवार के साथ की गयी यात्रा का वर्णन करते हुए मित्र को संस्कृत में पत्र लिखें।

iii. वार्षिक परीक्षा में अपने वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करने संबंधी एक पत्र अपनी माँ को संस्कृत में लिखें।

iv. अपनी छोटी बहन को संस्कृत पढ़ने के लिए प्रेरित करते हुए एक पत्र संस्कृत में लिखें।

संस्कृते अनुच्छेद – लेखनम् ( 13 अंक )

3- अधोलिखित में से किसी एक विषय पर सात वाक्यों में अनुच्छेद संस्कृत में लिखिए। 1 x 7 = 7

(क) व्यायामः

(ख) विज्ञानस्य चमत्कारः

(ग) समयस्य महत्त्वम्

(घ) जल संरक्षणम्

(ङ) संस्कृतस्य महत्त्वम्



Visit CollegeDekho

4- निम्नांकित में से किन्हीं छः वाक्यों का संस्कृत में अनुवाद करें : 6 ×1 = 6

(क) हिमालय पर्वतों का राजा है।

(ख) भारत की संस्कृति पुरानी है।

(ग) मुझे लड्डू अच्छा लगता है।

(घ) वह पढ़कर घर गया।

(ङ) सीता राम के साथ वन गई।

(च) गीता कल वहाँ गई थी।

(छ) वह रोटी खाना चाहता है।

(ज) छात्रों को अनुशासित होना चाहिए।

(झ) अनुशासन देश को महान बनाता है।

(ञ) परिश्रम से विद्या होती है।

(ट) हिमालय से गंगा निकलती है।

(ठ) मेरे विद्यालय के सभी ओर बगीचे हैं।

## लघु–उत्तरीय प्रश्न ( 16 अंक )

5- अधोलिखित में से किन्हीं आठ प्रश्नों के उत्तर दें : 8 × 2 = 16

(क) 'मङ्गलम्' पाठ की विषय वस्तु का वर्णन पाँच वाक्यों में करें।

(ख) पाटलिपुत्र के प्राचीन महोत्सव का वर्णन करें।

(ग) सिख सम्प्रदाय के लोगों के लिए पटना क्यों महत्त्वपूर्ण है ?

(घ) 'अलसकथा' पाठ में वास्तविक आलसियों की पहचान कैसे हुई ?



Visit CollegeDekho

(ङ) संस्कृत साहित्य में विजयनगर राज्य के योगदानों का वर्णन करें।

(च) मध्यकाल में भारतीय समाज में फैली कुरीतियों का वर्णन अपने शब्दों में करें।

(छ) शिक्षा संस्कार में कौन–कौन से संस्कार होते हैं ?

(ज) भारतीय जीवन में संस्कारों का क्या महत्त्व है ?

(झ) 'नीतिश्लोकाः' पाठ के आधार पर मूर्ख का लक्षण लिखें।

(ञ) राम प्रवेश राम की शैक्षणिक उपलब्धियों पर प्रकाश डालें।

(ट) स्वामी दयानन्द पर रात्रि जागरण का क्या प्रभाव पड़ा ?

(ठ) 'मन्दाकिनीवर्णनम्' पाठ का वर्ण्य विषय क्या है ?

(ड) 'व्याघ्रपथिक कथा' का संक्षिप्त परिचय दें।

(ढ) शक्र ने कर्ण से कौन–सी बड़ी भिक्षा माँगी तथा क्यों ?

(ण) महात्मा बुद्ध के अनुसार वैर की शान्ति कैसे संभव है ?

(त) 'शास्त्रकाराः' पाठ में वर्णित वैज्ञानिक शास्त्रकारों पर प्रकाश डालें।



Visit CollegeDekho